SANJAY GANDHI POSTGRADUATE INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES, RAEBARELI ROAD, LUCKNOW- 226014

OFFICE OF THE DIRECTOR

Phones: 0522-2668112, 0522-2494059, 0522-2494001, 0522-2494003, 0522-2494280
FAX: 91-522-2668129

पी0जी0आई0 / निदेशक / कैम्प / 475 / 2023 दिनांक 08.08.2023

## परिपत्र

**विषयः–** **"आजादी का अमृत महोत्सव"** योजना के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश में **"मेरी माटी, मेरा देश"** कार्यक्रमों के आयोजन की कार्य योजना की सूचना।

उत्तर प्रदेश शासन के पत्र संख्या–3322 / चार–2023, दिनांक 31 जुलाई, 2023 द्वारा प्राप्त दिशा निर्देशों के अन्तर्गत **"आजादी का अमृत महोत्सव"** भारत की आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संस्थान में निम्नलिखित कार्यक्रमों का आजोजन किया जा रहा हैः–

1. संस्थान के सभी संकाय सदस्यों / सीनियर रेजीडेन्ट / जूनियर रेजीडेंट / समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों (पैरामेडिकल, नर्सिंग व अन्य) / रिसर्च स्कालर्स / छात्र / छात्राऐं (नर्सिंग कालेज एवं कालेज ऑफ मेडिकल टेक्नोलॉजी) से अनुरोध है कि आप सभी सी0वी0 रमन प्रेक्षाग्रह में दिनांक 09.08.2023 प्रातः 09:30 बजे उपस्थित हो कर अमृत काल के पंचप्रण (1.– विकसित भारत का लक्ष्य, 2– गुलामी के हर अंश से मुक्ति, 3–अपनी विरासत पर गर्व, 4–एकता और एकजुटता, 5– नागरिकों में कर्त्तव्य की भावना) हेतु शपथ ग्रहण करेंगे जिसमें सभी की उपस्थिति अनिवार्य है।
2. दिनांक 15 अगस्त 2023, **स्वतंत्रता दिवस** के अवसर पर प्रातः काल 09:30 बजे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, थल सेना, वायु सेना, केन्द्रीय पुलिस बल तथा राज्य पुलिस के सेवारत एवं सेवानिवृत्त कर्मियों को इस अवसर पर सम्मानित किया जायेगा।
3. संस्थान में 15 अगस्त, 2023 को प्रातः काल 10:30 बजे **"मेरी माटी, मेरा देश"** की अवधारणा के अन्तर्गत 75 पौधों का रोपण कर अमृत वाटिका संस्थान में स्थापित की जायेगी।

इस स्वर्णिम अवसर पर अनुरोध है कि आप सभी संकल्पित होकर उपरोक्त कार्यक्रमों में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते हुए **"आजादी का अमृत महोत्सव"** को सफल बनाने हेतु अपना बहुमुल्य योगदान प्रदान करने का कष्ट करें।

उपरोक्त कार्यक्रमों के संचालन हेतु निम्न समिति का गठन किया जाता है जोकि प्रस्तावित कार्यक्रमों का सफलता पूर्वक आयोजन सुनिश्चित करेगीः–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 एस0पी0 अम्बेश, अधिष्ठाता | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो0 संजय धीराज, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक | सदस्य |
| 3. | प्रो0 नारायन प्रसाद, एफ0आई0ई0 | सदस्य |
| 4. | प्रो0 रजनीश कुमार सिंह, संयुक्त निदेशक (प्र0) | सदस्य |
| 5. | ले0 कर्न0 वरूण बाजपेयी, कार्यपालक कुलसचिव | सदस्य |
| 6. | श्री पी0सी0 गुप्ता अधिशासी अभियंता (टेलीकाम) | सदस्य |
| 7. | श्री आर0डी0 शर्मा, अधिशासी अभियता (सिविल) | सदस्य |

(प्रो0 राधा कृष्ण धीमन)
निदेशक

प्रतिलिपि सूचनार्थः–

1. समस्त विभागाध्यक्ष, एस0जी0पी0जी0आई0।
2. समस्त संकाय सदस्य, एस0जी0पी0जी0आई0।
3. नोडल ऑफिसर, टेलीमेडिसिन, एस0जी0पी0जी0आई0।
4. समस्त रेजीडेन्ट डाक्टर / रिसर्च स्कालर्स / नर्सिंग स्टूडेन्टस, / सी0एम0टी0 स्टूडेन्टस, एस0जी0पी0जी0आई0।
5. समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण, एस0जी0पी0जी0आई0।
6. श्री अनिल कुमार, फोटोग्राफरए एस0जी0पी0जी0आई0।
7. समस्त नोटिस बोर्ड, एस0जी0पी0जी0आई0।
8. कार्यालय आदेश पत्रावली।

(प्रो0 राधा कृष्ण धीमन)
निदेशक